दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 10 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

प्रदेश की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उप चुनाव के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान चरम पर है। कल शाम चार बजे चारों निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार का कार्य समाप्त हो जायेगा। मतदान तेरह नवंबर को होगा। जबकी मतगणना तेईस नवंबर को होगी। जदयू के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित एनडीए के सभी घटक दल भाजपा, जदयू, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के नेता अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। वहीं, इंडी गठबंधन की ओर से भी राजद, कांग्रेस और वाम दलों के नेता चुनाव प्रचार में जुटे हुये हैं।

———————————————————

पाँच चरणों में छब्बीस नवंबर से होने वाले पैक्स चुनाव के लिए कल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। चुनाव में पैक्स अध्यक्ष सहित बारह विभिन्न पदों के लिए वोट डाले जाएंगे। इस बार पैक्स के चुनाव में एक करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

———————————————————

महिला एशियाई हॉकी चौंपियंस ट्रॉफी–दो हजार चौबीस कल से राजगीर में शुरू होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल शाम इस अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन का उद्घाटन करेंगे, जिसमें भारत समेत छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। यह प्रतियोगिता बीस नवंबर को समाप्त होगी। सभी मैच राजगीर स्थित खेल परिसर के नवनिर्मित हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। इस आयोजन में भाग लेने के लिए भारत, चीन, जापान, मलेशिया, थाईलैंड और कोरिया की सभी टीम बोधगया पहुंच चुकी हैं। उद्घाटन मैच कल दोपहर सवा बारह बजे जापान और कोरिया के बीच खेला जाएगा। इधर, दूधिया रोशनी में कीटों का प्रकोप होने के चलते आयोजकों ने मैचों के समय में बदलाव किया है। अब

मैच शाम से पहले ही पूरे कर लिये जायेंगे। बिहार में इस तरह की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार हो रहा है नवनिर्मित राजगीर खेल परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इसमें युवा खिलाड़ियों और दर्शकों को विभिन्न टीम उनके कोच से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

————————————————————————

दरभंगा में एम्स के शिलान्यास के लिये तेरह नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कल शिलान्यास स्थल का दौरा किया। प्रशासन सुरक्षा के चुस्त–दुरूस्त प्रबंधन को सुनिश्चित करने में लगा है। एम्स का निर्माण शोभन बाइपास के पास हो रहा है।

————————————————————————

इसके साथ मिथिलांचल के लोगों को एक और सौगात मिलने वाली है। दरभंगा में ही तेरह नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झंझारपुर–लोकहा रेलखंड का उद्‌घाटन करेंगे। इसके साथ ही झंझारपुर–लोकहा रेलखंड पर तेरह नवंबर से रेल सेवा शुरू हो जाएगी। श्री मोदी इस अवसर पर दरभंगा से पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज स्वच्छ भारत के अंतर्गत विशेष अभियान के चौथे संस्करण की सराहना की। इस विशेष अभियान से सरकारी खजाने को वर्ष दो हजार इक्कीस के बाद से कचरा बेचने से दो हजार तीन सौ चौसठ करोड़ रूपए के राजस्व प्राप्त हुआ है। श्री मोदी ने एक पोस्ट में कहा कि अभियान की सफलता दर्शाती है कि सामूहिक प्रयासों से ठोस परिणाम हासिल किए जा सकते हैं ।

————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में सुबह और शाम हल्की ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पछुआ हवा के प्रभाव से पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में थोड़ी कमी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि चौदह नवम्बर के बाद प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव हो सकता है।

————————————————————————————————

अक्षय नवमी का त्योहार आज पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर लोग आंवला के पेड़ की पूजा करते हैं और परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना करते हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न क्षेत्रों में अक्षय नवमी को लेकर विशेष उत्साह है। इस पर्व के दौरान लोग आँवला के पेड़ के नीचे भोजन बनाते हैं और उसे ग्रहण करते हैं।

————————————————————————————————

समाप्त